## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 09.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **रांची समेत राज्यभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, हजारों सुलहनीय मामलों का हुआ निपटारा, करोड़ों रूपये की राजस्व की हुई वसूली।**
- **नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में सिविल सोसायटी के साथ की बैठक, साफ सफाई, यातायात व्यवस्था और विकास को लेकर दिये कई निर्देश।**
- **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और पुलिस व्यवस्था पर उठाये सवाल, कहा–धनबाद में गैंगवार जैसी स्थिति, आम लोगों में भय का माहौल।**
- **हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में आरोपी राजस्व कर्मचारी को जमानत देने से हाईकोर्ट का इनकार, प्रार्थी पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप।**
- **अवैध शराब के खिलाफ रांची के तीन थाना क्षेत्रों में उत्पाद विभाग की दबिश, एक अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब जब्त।**

****************

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आज राजधानी समेत राज्यभर में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों सुलहनीय मामलों का विशेष बेंचों का गठन कर निष्पादित किया गया और करोड़ों रूपये की राजस्व वसूली हुई। रांची सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित लोक अदालत का उद्घाटन झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अदालत का प्रयास होता है कि अधिक से अधिक लोगों को न्याय मिले, ताकि न्यायालय पर लोगों का भरोसा बना रहे।

****************

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह में सिविल सोसायटी के साथ स्वच्छता को लेकर समीक्षा बैठक की। नगर निगम कार्यालय में हुई इस बैठक में उन्होंने शहर की साफ सफाई, यातायात व्यवस्था और विकास के मुद्दे पर चर्चा की। इस मौके पर मंत्री ने बताया कि बैठक में जो विचार सामने आए हैं, उसके अनुपालन को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

****************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्य में बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त और आवश्यक मानकों के संचालित हो रहे फार्मेसी कॉलेजों को लेकर कड़ा रूख अपनाया है। उन्होंने इस मामले में विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार को सभी फार्मेसी कॉलेजों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। डॉ0 अंसारी ने पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी औरं गहन जांच के लिए विशेष टीम गठित करने का भी निर्देश दिया है, ताकि सभी तथ्यों की गंभीरता से पड़ताल की जा सके। उन्होंने कहा है कि जांच के दौरान लापरवाही, नियमों की अनदेखी करने वाले लोगों और संस्थानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

****************

राज्य के वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी संगठन में नाराजगी से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के स्तर पर जो काम होना चाहिए था, वह नहीं हो रहा है, उसे वे उजागर करने का काम कर रहे हैं। श्री किशोर ने कहा कि पार्टी को ज्वलंत मुद्दों और चुनावी वायदे को लेकर मुखर होना होगा।

****************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गैंगस्टर प्रिंस खान के वायरल वीडियो को लेकर राज्य सरकार और पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि धनबाद में पुलिस और अपराधियों के बीच संघर्ष नहीं, बल्कि गैंगवार जैसी स्थिति बन गई है और आम लोगों में भय का माहौल है। श्री मरांडी ने कहा कि संवेदनशील जिलों में कथित रूप से करोड़ों रुपये लेकर पोस्टिंग किए जाने की चर्चाएं कानून व्यवस्था पर जनता का भरोसा कमजोर कर रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले में जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति जारी रही तो राज्य में कानून व्यवस्था और बदतर हो सकती है।

****************

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–पी.एम.जी.एस.वाई. की 25वीं वर्षगांठ पर कल मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण का शुभारंभ भी किया जाएगा।

****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में आरोपी राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार वर्मा को जमानत देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की अदालत में आज जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एसीबी ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि प्रार्थी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। न्यायालय ने अठारह जून को मामले की अगली सुनवाई के लिए तिथि निर्धारित की है।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के इसरी बाजार में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। गौरतलब है कि कल हुई इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि कई अन्य घायल हो गये, जिनका इलाज चल रहा है।

****************

आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड की मांग, आदिवासियों की जमीन लूट समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए आज विभिन्न आदिवासी संगठनों की बैठक हुई। बैठक के बाद प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि आदिवासियों को अपने हक़ के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से विभिन्न संस्थाओं मे आदिवासी धर्म कॉलम लागू करने की मांग की।

****************

उत्पाद विभाग ने रांची में अवैध नकली विदेशी शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब नौ सौ चालीस पेटी शराब बरामद किया है। उत्पाद विभाग के अवर सहायक निरीक्षक दिलीप कुमार साहू ने बताया कि नगड़ी, रातु और धुर्वा थाना क्षेत्र में की गयी छापेमारी के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

****************

जामताड़ा पुलिस ने कर्माटाड़ थाना क्षेत्र से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से आठ मोबाइल, दस सिम कार्ड और उन्नीस हजार रूपये नकद बरामद किया गया है।

****************

राज्य के कई इलाकों में पन्द्रह मई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, रांची, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और खूंटी में आज आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात की भी आशंका है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी पन्द्रह मई तक तेज हवाओं के चलने और वज्रपात को लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी जारी की है।

**********समाप्त***********